सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
पिनः–272202
website: www.suksn.edu.in

SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Sidhharth Nagar
Pin -272202
Email Id: registrarsidduniv@gmail.co

पत्रांकः 929/सा0प्र0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 22/09/2026

सेवा में,

1. अधिष्ठाता– विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय
 सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण
 सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
 राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
 सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

**विषय– विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD-27) क्विज प्रतियोगिता में अधिकतम युवाओं की प्रतिभागिता संबंधी।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या 6226/32–जी.एस/2026 दिनांक 19 सितम्बर, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारत सरकार, युवा कार्यक्रम विभाग, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड, के पत्र संख्या–40–08/रा0सेयो/क्षेनि/लख/2026–27/8735–8815, दिनांक 10.09.2026 के निर्देशानुसार 'विकसित भारत क्विज' में 15 से 29 वर्ष के युवाओं को अपने–अपने महाविद्यालय/संस्था से अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों के निर्देशानुसार, स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी) के अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF) को प्रधानमंत्री के **"विकसित भारत 2047"** विजन के अनुरूप 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) के रूप में नया स्वरूप दिया गया है।

**विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के तहत भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ, "विकसित भारत" प्रश्नोत्तरी (VBYLD-2027 क्विज) का आयोजन किया जा रहा है।** यह प्रश्नोत्तरी जनवरी माह में दिल्ली में आयोजित NYF-VBYLD-2027 के मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता करने का प्रथम चरण हैं 22 भाषाओं में आयोजित यह प्रश्नोत्तरी भारत और विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों के सामान्य ज्ञान का परीक्षण करता है।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय के पत्र संख्या ई– 6080/जी0एस0 दिनांक 09.09.2026 के सन्दर्भ में विश्वविद्यालय के पत्रांक 884/सा0प0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 10/09/2026 द्वारा निर्देश निर्गत किये गये है।

तद्क्रम में आप सभी से अनुरोध है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के संलग्न पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार उक्त हेतु अपने–अपने संस्था में **'विकसित भारत क्विज'** में अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने का कष्ट करे।

**संलग्नक–यथोक्त।**

22/09/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कंपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
पिनः—272202
website: www.suksn.edu.in

SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Sidhharth Nagar
Pin -272202
Email Id: registrarsidduniv@gmail.co

पत्रांकः 929/सा0प्र0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 22/01/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव स्तर), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
2. कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलानुशासक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. ए0एन0ओ0, एन0सी0सी0, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
6. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्याःई–6226/32–जी.एस./2026
दिनांकः 19 सितम्बर, 2026

प्रेषकः

**विशेष कार्याधिकारी, भा.प्र.से.(से.नि.), श्री राज्यपाल**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
**उत्तर प्रदेश।**

विषयः विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD-27) क्विज प्रतियोगिता में अधिकतम युवाओं की प्रतिभागिता संबंधी।

महोदय/महोदया,

कृपया इस सचिवालय के पत्र संख्याःई–6080/जी.एस., दिनांक 09.09.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें Viksit Bharat Young Leaders Dialogue (VBYLD) के विभिन्न Tracks में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित किये जाने संबंधी निर्देश निर्गत किये गये थे।

**2.** इस संबंध में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, लखनऊ के पत्र संख्या–40–08/रासेयो/क्षेनि/लख/2026–27/8735–8815, दिनांक 10.09.2026 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें उल्लेख किया गया है कि केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों के निर्देशानुसार, स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी) के अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF) को प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' विजन के अनुरूप 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' (VBYLD) के रूप में नया स्वरूप दिया गया है।

**3.** उक्त के क्रम में जनवरी 2027 में नई दिल्ली में NYF-VBYLD-2027 का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से 15 से 29 वर्ष के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने और माननीय प्रधानमंत्री जी से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होगा।

**4.** इस चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण के रूप में 22 भाषाओं में 'विकसित भारत क्विज' (VBYLD-2027 Quiz) आयोजित की जा रही है, जो भारत और विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़े सामान्य ज्ञान पर आधारित है। इसमें अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवक अपने माय भारत प्रोफाईल पेज से रेफरल कोड जनरेट कर सकते हैं। इसके साथ ही अपने रेफरल कोड से अधिकतम सहभागिता कराने वाले स्वयंसेवकों को दिल्ली के मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी से संवाद का विशेष अवसर भी मिल सकता है।

**5.** अतएव उपर्युक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करने हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने एवं कृत कार्यवाही की आख्या इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकःयथोपरि।

18/9/26

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय
उत्तर प्रदेश एंव उत्तराखंड
लखनऊ

सत्यमेव जयते

**Government of India**
**Ministry of Youth Affairs & Sports**
**Department of Youth Affairs**
**Regional Directorate of NSS**
**Uttar Pradesh & Uttarakhand**
**Lucknow**

सं0 40-08/रासेयो/क्षेनि./लख/2026-27/8735-8818 दिनांक: 10 सितम्बर, 2026

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव,**
महामहिम राज्यपाल (उत्तर प्रदेश)
राजभवन, लखनऊ

विषय: विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD-2027) क्विज प्रतियोगिता में अधिकतम युवाओं की प्रतिभागिता संबंधी।

महोदय,

उपरोक्त विषयक **डॉ. मनसुख मांडविया, माननीय केंद्रीय मंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 10 सितम्बर, 2026 को सभी राज्यों के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल के साथ संपन्न बैठक** एवं माननीय मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 31/08/2026 को सिविल सर्विसेज़ ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट (CSOI), चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित सभी क्षेत्रीय निदेशकों और राज्य रासेयो अधिकारियों की बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार, आपको सादर अवगत कराना है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी) के उपलक्ष्य में 1995 से प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF) अलग-अलग सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को एक साथ लाने और राष्ट्रीय एकता व सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का एक मुख्य मंच है। साल 2025 में, माननीय प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत @2047' के विज़न के अनुरूप इस महोत्सव को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' (VBYLD) के रूप में नया रूप दिया गया।

इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए नई दिल्ली में जनवरी-2027 में आयोजित होने वाले NYF-VBYLD-2027 कार्यक्रम में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीम में 15 से 29 साल की उम्र के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सहभागिता कराते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी से संवाद अवसर प्रदान के उद्देश्य से चयन हेतु विकसित भारत चैलेंज, सांस्कृतिक, भारत के लिए इनोवेशन (नवाचार) एवं विकसित भारत युवा संसद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। **विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के तहत भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ, "विकसित भारत" प्रश्नोत्तरी (VBYLD-2027 क्विज) का आयोजन किया जा रहा है।** यह प्रश्नोत्तरी जनवरी माह में दिल्ली में आयोजित NYF-VBYLD-2027 के मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता करने का प्रथम चरण है, 22 भाषाओं में आयोजित यह प्रश्नोत्तरी भारत और विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों के सामान्य ज्ञान का परीक्षण करता है।

उक्त क्विज प्रतियोगिता में संस्थान के अन्य साथी युवाओं को प्रतिभागिता करने हेतु प्रेरित करने के लिए स्वयंसेवकों द्वारा अपनी माय भारत प्रोफाइल पेज के माध्यम से रेफरल कोड भी जनरेट किया जा सकता है, इसके साथ ही जो स्वयंसेवक अपने रेफरल कोड के माध्यम से अधिकतम साथी युवाओं को VBYLD-2027 क्विज में प्रतिभागिता कराएँगे उन्हें NYF-VBYLD-2027 के मुख्य कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी से संवाद का अवसर भी प्राप्त हो सकता है।

...2-/

8वाँ तल, हाल नं0-1, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ-226024 (उ0प्र0)
8th Floor, Hall No.-1, Kendriya Bhawan, Aliganj, Lucknow-226024 (U.P.)
E-mail : nssrc.lu-up@gov.in, nssrclucknow@gmail.com दूरभाष/Telephone No.: 0522-2337066/407953

अतः उक्त संदर्भ में आपसे सादर अनुरोध है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के 'विकसित भारत @2047' के विज़न के अनुरूप विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु अधिकतम युवाओं की क्विज़ प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करने एवं VBYLD प्रश्नोत्तरी बैनर, होर्डिंग्स और पोस्टरों को अपने परिसरों में प्रदर्शित करने हेतु प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के संस्था प्रमुखों को निर्देशित करने के लिए संबंधितों को निर्देशित करने की कृपा करें।

भवदीय

(समर दीप सक्सेना)
क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि:-

1. **निदेशक, भारत सरकार,** राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली।
2. **निजी सचिव,** अपर मुख्य सचिव, महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, राजभवन, लखनऊ।
3. **राज्य रा.से.यो. अधिकारी,** उत्तर प्रदेश।
4. **समस्त रा.से.यो. कार्यक्रम समन्वयक** उत्तर प्रदेश।